आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 16.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान कल से शुरू होगा।
- प्रदेशभर में विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण विभाग को पांच सरकारी वाहन देने की घोषणा की।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के लाभार्थियों को धनराशि जारी की।
- और... राज्य में कल से 7 प्लस 1 सीटर विक्रमों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

जन जन की सरकार

प्रदेश में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान कल से शुरू होगा। यह अभियान अगले 45 दिनों तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न न्याय पंचायतों और ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से आम जनता को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाएगा।

इस अभियान में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण सहित कुल 23 विभाग भाग लेंगे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अभियान के दौरान पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र बलों की उत्कृष्ट रणनीति, कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि और सम्मान समारोह में वीर नारियों तथा 1971 के युद्ध में शामिल पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण विभाग को पांच सरकारी वाहन देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर जवानों ने अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से राष्ट्र की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा की।

प्रदेश के सभी जिलों में विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। चंपावत, उत्तरकाशी, पौड़ी टिहरी सहित सभी जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अल्मोड़ा और बागेश्वर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल विजय मनराल ने कहा कि 1971 के युद्ध में अल्मोड़ा जिले के 25 जवान शहीद हुए थे।

रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 – मनरेगा का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम

करने वाले वयस्क सदस्य को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नए विधेयक का उद्देश्य चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के माध्यम से रोजगार और टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण करना है। इनमें जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संबंधी अवसंरचना और चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्यदिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी, मजबूत सुरक्षा और अधिक पारदर्शी कार्यान्वयन तंत्र प्रदान करना है।

## वात्सल्य योजना

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दो माह की तीन करोड़ नौ लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से जारी की। उन्होंने बताया कि यह योजना 2020 से कोरोना महामारी में अभिभावक खोने वाले बच्चों के लिए संचालित की जा रही है, जिसमें प्रति माह तीन हजार रुपये की सहायता दी जाती है। श्रीमती आर्या ने बताया कि अक्टूबर माह में 5 हजार एक सौ 77 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपये और नवंबर महीने के लिए कुल 5 हजार एक सौ 47 लाभार्थियों को 1 करोड़ 54 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है।

## विक्रम प्रतिबंध

उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देश पर कल से 7 प्लस 1 सीटर विक्रमों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। संभागीय आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में यह अभियान 16 दिसंबर से प्रभावी किया जा रहा है। इसके तहत 7 प्लस 1 सीटर विक्रमों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जबकि केवल 6 प्लस 1 सीटर विक्रमों को ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

## साइकिलिंग प्रतियोगिता

रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम में 19 से 23 दिसंबर तक नेशनल ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव दिवेश पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए केरल और महाराष्ट्र राज्यों की टीमें पहुँच चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 250 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं और 35 तकनीकी अधिकारियों की तैनाती की गई है।

## मतदाता सूची

उत्तराखंड के दो नए नगर निकायों चंपावत के पाटी और गढ़ी नेगी की मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया 18 दिसंबर से शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर से 6 जनवरी तक घर–घर सर्वेक्षण किया जाएगा।

अधिसूचना के अनुसार सात जनवरी से 11 जनवरी तक प्रारूप नामावली की पांडुलिपि तैयार की जाएगी। 12 जनवरी से पांच फरवरी तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की डाटा एंट्री, फोटो स्टेट का काम पूरा किया जाएगा। छह फरवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया जाएगा।

## किसानों की आय

उत्तरकाशी में किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने पॉलीहाउस और क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों का शत–प्रतिशत फसल बीमा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कार्यकाल

पौड़ी गढ़वाल के भरसार स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, के कुलपति डॉक्टर परविंदर कौशल का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या अगले छह माह तक वे पद पर बने रहेंगे।

मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रदेश में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान कल से शुरू होगा।
- प्रदेशभर में विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण विभाग को पांच सरकारी वाहन देने की घोषणा की।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 पेश किया।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के लाभार्थियों को धनराशि जारी की।
- राज्य में कल से 7 प्लस 1 सीटर विक्रमों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इसके साथ ही प्रादेशिक समाचारों का ये अंक समाप्त हुआ। नमस्कार!